Under CSR Support by
ipca | Foundation

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



कक्षा - 11

भूगोल

भौतिक भूगोल के मूल सिद्धान्त

अध्याय-1
भूगोल एक विषय के रूप में

अभ्यास प्रश्न

ओम प्रकाश खोजा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



1 बहुवैकल्पिक प्रश्न

(i) निम्नलिखित में से किस विद्वान ने भूगोल (Geography) शब्द का प्रयोग किया?

अ हेरोडॉटस

ब गैलिलियो

स इरेटास्थेनीज

द अरस्तू

Geography

Geo + Graphers

पृथ्वी

वर्णन करना।

का

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER


1 (ii) निम्नलिखित में से किस लक्षण को भौतिक लक्षण कहा जा सकता है?

अ पत्तन

ब मैदान

स सड़क

द जल उद्यान



Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



1 | (iii) स्तम्भ-I एवं स्तम्भ-II के अन्तर्गत लिखे गऐ विषयों को पढ़िये।

स्तम्भ-I	स्तम्भ-II
प्राकृतिक/सामाजिक विज्ञान	भूगोल की शाखाएँ
1. मौसम विज्ञान (iii)	(i) जनसंख्या भूगोल
2. जनांकिकी (i)	(ii) मृदा भूगोल
3. समाजशास्त्र (iv)	(iii) जलवायु विज्ञान
4. मृदा विज्ञान (ii)	(iv) सामाजिक भूगोल

सही मेल को चिहनांकित कीजिए-

अ 1- (ii), 2- (iii), 3-(i), 4-(iv)

स 1- (i), 2- (iv), 3-(ii), 4-(iii)

ब 1- (iv), 2- (ii), 3-(iii), 4-(i)

द 1- (iii), 2- (i), 3-(iv), 4-(ii)

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



1 | (iv) निम्नलिखित में से कौनसा प्रश्न कार्य-कारण संबंध से जुड़ा हुआ है?

अ क्यों → कार्य-कारण

ब क्या → कार्य

स कहाँ → स्थान

द कब → समय

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



1 (v) निम्नलिखित में से कौनसा विषय कालिक संश्लेषण करता है?

इकट्ठा करना
कालिक →

अ समाजशास्त्र

ब मानवशास्त्र

स इतिहास

द भूगोल

→ क्षेत्रीय संश्लेषण

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए।

(i) आप विद्यालय जाते समय किन महत्वपूर्ण सांस्कृतिक लक्षणों का पर्यवेक्षण करते हैं? क्या वे सभी समान है अथवा असमान? उन्हें भूगोल अध्ययन में सम्मिलित करना चाहिए अथवा नहीं। यदि हाँ तो क्यों?

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए।

(i) आप विद्यालय जाते समय किन महत्वपूर्ण सांस्कृतिक लक्षणों का पर्यवेक्षण करते हैं? क्या वे सभी समान है अथवा असमान? उन्हें भूगोल अध्ययन में सम्मिलित करना चाहिए अथवा नहीं। यदि हाँ तो क्यों?

उत्तर :

☛ हम विद्यालय जाते समय मन्दिर, मस्जिद, सिनेमाघर, सरकारी कार्यालय, मैरिज गार्डन आदि सांस्कृतिक लक्षणों का पर्यवेक्षण करते हैं।


Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




- ये सभी लक्षण असमान हैं।
- हाँ, इन्हें भूगोल अध्ययन में शामिल करना चाहिए, क्योंकि ये सभी सांस्कृतिक भूगोल व मानव भूगोल के हिस्से हैं तथा भूगोल में प्रायोगिक कार्य के दौरान क्षेत्रीय सर्वेक्षण में संकेत चिह्नों के माध्यम से समझते हैं।



अभ्यास प्रश्न





(ii) आपने एक टेनिस गेंद, क्रिकेट गेंद, संतरा और लौकी देखा होगा। इनमें से कौनसी वस्तु की आकृति से मिलती जुलती है? इस विशेष वस्तु को पृथ्वी की आकृति को वर्णित करने के लिए क्यों चुना है?

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न


missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



2

(ii) आपने एक टेनिस गेंद, क्रिकेट गेंद, संतरा और लौकी देखा होगा। इनमें से कौनसी वस्तु की आकृति से मिलती जुलती है? इस विशेष वस्तु को पृथ्वी की आकृति को वर्णित करने के लिए क्यों चुना है?

उत्तर :




संतरे की आकृति पृथ्वी से मिलती जुलती है। क्योंकि जिस प्रकार संतरा गोलाकार आकृति से पिचका हुआ है। उसी प्रकार पृथ्वी ध्रुवों पर से चपटी है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER





(iii) क्या आप अपने विद्यालय में वन महोत्सव समारोह का आयोजन करते हैं? हम इतने पौधारोपण क्यों करते हैं? वृक्ष किस प्रकार पारिस्थैतिक सन्तुलन बनाए रखते हैं?

अभ्यास प्रश्न



2

(iii) क्या आप अपने विद्यालय में वन महोत्सव समारोह का आयोजन करते हैं? हम इतने पौधारोपण क्यों करते हैं? वृक्ष किस प्रकार पारिस्थैतिक सन्तुलन बनाए रखते हैं?

उत्तर :

मानसून सक्रिय

- हाँ, हमारे विद्यालय में जुलाई के प्रथम सप्ताह में वन महोत्सव का आयोजन किया जाता है। यह एक राष्ट्रीय उत्सव है जिसे ''पेड़ों का त्योहार'' भी कहा जाता है।
- पौधारोपण से पर्यावरण व पारिस्थितक सन्तुलन बना रहता है।


Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- वृक्ष कार्बन डाई ऑक्साइड को ग्रहण करके प्रकाश संश्लेषण क्रिया द्वारा ऑक्सीजन में परिवर्तित करके छोड़ते हैं, साथ ही सघन वृक्षारोपण से तापमान को नियंत्रित किया जा सकता है।




Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER





(iv) आपने हाथी, हिरन, केंचुए, वृक्ष एवं घास को देखा है। वे कहाँ रहते हैं व बढ़ते हैं। उस मंडल को क्या नाम दिया गया है? क्या आप इस मण्डल के कुछ लक्षणों का वर्णन कर सकते हैं?



2

(iv) आपने हाथी, हिरन, केंचुए, वृक्ष एवं घास को देखा है। वे कहाँ रहते हैं व बढ़ते हैं। उस मंडल को क्या नाम दिया गया है? क्या आप इस मण्डल के कुछ लक्षणों का वर्णन कर सकते हैं?

उत्तर :

हाँ, ये सभी जीवमण्डल में रहते हैं व बढ़ते हैं। जलमण्डल, वायुमण्डल व स्थलमण्डल का उभयनिष्ठ क्षेत्र जीवमण्डल कहलाता है।



Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




(v) आपको अपने निवास से विद्यालय जाने में कितना समय लगता है? यदि विद्यालय आपके घर की सड़क के उस पार होता तो आप विद्यालय पहुँचने में कितना समय लेते? आने जाने के समय पर आपके घर एवं विद्यालय के बीच की दूरी का क्या प्रभाव पड़ता है? क्या आप समय को स्थान या, इसके विपरीत स्थान को समय में परिवर्तित कर सकते हैं।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER





उत्तर :

- मुझे, विद्यालय जाने में लगभग 30 मिनट लगते हैं। यदि विद्यालय घर की सड़क के उस पार होता तो मैं मात्र 5 मिनट में विद्यालय पहुंच जाता। क्योंकि, घर व विद्यालय के बीच की दूरी घट जायेगी।
- समय को स्थान या इसके विपरीत स्थान को समय में परिवर्तित किया जा सकता है। जैसे, मैं विद्यालय पैदल जाता हूँ तो लगभग आधा घंटा समय लगता है। यदि मैं विद्यालय जाने के लिए स्कूटी का प्रयोग करता हूँ तो यह (4 किमी. की) दूरी 10 मिनट में तय की जा सकती है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER





- अतः घर से विद्यालय की 4 किमी. की दूरी को पैदल चलने पर आधा घंटा की दूरी तथा स्कूटी का प्रयोग करने पर 10 मिनट की दूरी कहा जा सकता है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।

(i) आप अपने परिस्थान का अवलोकन करने पर पाते हैं कि प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक दोनों तथ्यों में भिन्नता पाई जाती है। सभी वृक्ष एक ही प्रकार के नहीं होते। सभी पशु एवं पक्षी जिसे आप देखते हैं भिन्न-भिन्न होते हैं। ये सभी भिन्न तत्व धरातल पर पाये जाते हैं। क्या अब आप यह तर्क दे सकते हैं कि भूगोल प्रादेशिक या क्षेत्रीय भिन्नता का अध्ययन है?

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



उत्तर :

- हमारे चारों ओर अवलोकन करने पर पाते हैं कि प्राकृतिक व सांस्कृतिक दोनों तथ्यों में भिन्नता पायी जाती है। जैसे- वनस्पति, पशु, पक्षी, स्थलाकृतियाँ आदि।
- इन सभी प्रकार की विभिन्नताओं का अध्ययन भूगोल में किया जाता है।
- विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार के वृक्ष, पशु, पक्षी व स्थलाकृतियां देखने को मिलते हैं।
- किसी तथ्य का सर्वप्रथम विश्व स्तर पर अध्ययन किया जाता है तत्पश्चात् क्षेत्रीय अध्ययन करते हैं। जैसे – विश्व के वन।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




- सर्वप्रथम वनों को विभिन्न प्रकारों में वर्गीकृत करते हैं। जैसे - विषुवतरेखीय वन, कोणधारी वन, भूमध्यसागरीय वन, मरूद्भिद इत्यादि। फिर प्रत्येक प्रकार का विस्तृत अध्ययन किया जाता है।
- इसी प्रकार विश्व की विभिन्न स्थलाकृतिक विशेषताओं जैसे - पर्वत, पठार, मैदान, मरूस्थल आदि का अध्ययन प्रादेशिक भिन्नता के आधार पर किया जाता है। उपर्युक्त उदाहरणें के आधार पर हम कह सकते हैं कि भूगोल प्रादेशिक/क्षेत्रीय भिन्नता का विषय है।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER





(ii) आप पहले ही भूगोल, इतिहास, नागरिकशास्त्र एवं अर्थशास्त्र का सामाजिक विज्ञान के घटक के रूप में अध्ययन कर चुके हैं। इन विषयों के समाकलन का प्रयास उनके अंतरापृष्ठ पर प्रकाश डालते हुए कीजिए।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER



3 (ii) आप पहले ही भूगोल, इतिहास, नागरिकशास्त्र एवं अर्थशास्त्र का सामाजिक विज्ञान के घटक के रूप में अध्ययन कर चुके हैं। इन विषयों के समाकलन का प्रयास उनके अंतरापृष्ठ पर प्रकाश डालते हुए कीजिए।

उत्तर :

☛ माध्यमिक स्तर तक सामाजिक विज्ञान के घटक विषय के रूप में भूगोल, इतिहास, नागरिकशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र जैसे विषयों का अध्ययन किया जाता है।

Under CSR Support by ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan LET'S LEARN TOGETHER




- ये सभी विषय सामाजिक विज्ञान है तथा प्रत्येक विज्ञान का उद्देश्य यथार्थ को जानना होता है।
- भूगोल में भौतिक वातावरण, मानवीय क्रियाकलाप, मानचित्र कला, आदि को जानने व समझने का प्रयास किया जाता है तथा भूगोल क्षेत्रीय संश्लेषण का प्रयास करता है।
- इतिहास कालिक संश्लेषण का प्रयास करता है। जैसे भूतकाल में इस भौतिक वातावरण पर किस प्रकार की घटनाएं घटित हुईं तथा उनका मानव समाज पर क्या प्रभाव पड़ा।

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अभ्यास प्रश्न

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER





- इतिहास की इन घटनाओं में भौगोलिक व राजनीतिक सीमाएं कैसे परिवर्तित हुईं, देश की अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ता है। इन सबका अध्ययन किया जाता है।
- इस प्रकार ये सभी सामाजिक विज्ञान एक दूसरे में अन्तरा पृष्ठ सम्बन्ध रखते हैं।